तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 4.3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025

12 अंबाला में भारत का सामान, भारत का सम्मान



12 मैवेरिक्स स्कूल में शहीदी दिवस मनाया गया



# एक दिन धूप खिलने के बाद फिर घना कोहरा छाया रहने से ठंड से ठिठकी जीवन की रफ्तार, न्यूनतम तापमान पहुंचा 6 डिग्री सेल्सियस

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले में एक दिन धूप खिलने के बाद वीरवार को फिर घना कोहरा छाए रहने और शीतलहर चलने से मौसम में ठंडक बढ़ गई। जिससे जिले का तापमान गिरकर मात्र 7 डिग्री सेल्सिय पर पहुंच गया। जबकि अधिकतम तापमान मात्र 19 डिग्री सेल्सियस रह गया। कामकाजी लोग पूरा दिन गर्म कपड़े से लिपटे हुए काम करते नजर आए। वहीं बच्चे व बुजुर्ग दोपहर तक घरों में दुबके रहे। वीरवार सुबह घना कोहरा छाया रहने से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। बामुश्किल वाहन चालक अपने गंतव्य पर पहुंचे। राहत की बात यह रही कि धुंध की वजह से जिले में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

## खास बातें

- जिले में दिन भर आसमान में छाए रहे धुंध के बादल और चलती रही शीतलहर
- बुजुर्ग व बच्चे घरों में दुबकने को हुए मजबूर
- सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही

**यमुनागर में वीरवार को घने कोहरे में सड़कों पर रेंगते दिखे वाहन**




### डाक्टरों की सलाह

### बुजुर्गों को सर्दी लगी जकड़ने

घना कोहरा पड़ने व मौसम में बढ़ रही ठंड से बच्चे व बुजुर्ग निमोनिया, खांसी और बुखार की चपेट में आने लगे हैं। बच्चों के अस्पतालों में छोटे बीमार बच्चों की संख्या बढ़ रही है। वहीं, बुजुगों को शरीर में अकड़न व सांस लेने में दिक्कत महसूस होने लगी है। अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने ठंड के मौसम में बुजुर्ग अपने खानपान में ध्यान बरतें व बाहर निकलते समय हाथों में दस्तानें व गर्म वस्त्र पहन कर रहें। पानी उबाल कर पिएं।

### मौसम विशेषज्ञ बोले-अभी ठंड कम होने के आसार नहीं



जिले में वीरवार को घना कोहरा छाया रहने और शीतलहर चलने से तापमान गिरकर अधिकतम 19 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। खासकर जिले के रादौर व जठलाना क्षेत्र में कोहरे की वजह से ज्यादा जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। आलम यह रहा कि शाम तक सूर्य देव घने कोहरे की चादर से बाहर निकलने का प्रयास ही करते रहे। वहीं, दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने व शीतलहर चलने से पूरा दिन जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले एक सप्ताह तक ठंड कम होने के आसार नहीं हैं।

## खबर संक्षेप

### पानीपत में किशोरी का अपहरण, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग क्षेत्र की मन्नू कालोनी निवासी परिवार की नाबालिग लडकी को पड़ोस में रहने वाला शादाब नाम का बहला फुसला का आपने साथ ले गया। वहीं लडकी की माता का दावा है कि आरोपी शादाब ने उनकी बेटी को विवाह करने का झांसा दिया है। इधर, लडकी की माता की शिकायत पर थाना चांदनी बाग पुलिस ने शादाब पर भारतीय न्याय संहिता की नई धाराओं के तहत केस दर्ज कर लडकी व आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### युवती संदिग्ध हालात में लापता, तलाश जारी

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप के तहत आने वाले प्रकाश नगर में अपनी बहन के पास रहने आई युवती संदिग्ध हालात में लापता हो गई। इधर, बडी बहन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी छोटी बहन उसके साथ रहती है और वह तेइस दिसंबर को बिना बताए घर से कहीं चली गई। काफी तलाश करने और रिश्तेदारों से पूछताछ के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला, तो पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने लडकी की गुमशुदी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।




### यमुनानगर जिले के साढ़ौरा थाना क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस

# पशु बाड़े के हौद में सरपंच की पत्नी का शव मिला, हत्या की आशंका

*मृतका के माथे पर मिले चोट के निशान, मौके से टूटी हुई चूड़ियां अज्ञात लोगों के पैर के निशान मिले सूचना पर पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। लोगों से पूछताछ कर मौके से साक्ष्य जुटाए*

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले के साढ़ौरा थाना क्षेत्र के गांव श्यामपुर के सरपंच जसबीर राठी की 45 वर्षीय पत्नी बलविंद्र का शव बीती रात पशु बाड़े में बनी पानी की हौदी में मिला। मृतका का मुंह पानी में डूबा हुआ था और माथे पर चोट के निशान थे। जबकि मौके से टूटी हुई चूड़ियां व अज्ञात लोगों के पैर के निशान मिले। प्रारंभिक जांच में महिला की हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही साढौरा थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर जरूरी सबूत जुटाए। बाद में पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार जसबीर राठी ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी बलविंद्र कौर रात नौ बजे पशु बाड़े में पशुओं को देखने के लिए गई थी। काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। उन्होंने आसपास के क्षेत्र में खोजबीन की गई लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजन पशु बाड़े की ओर गए तो जहां बाड़े के पास बनी पानी की हौदी में बलजिंदर कौर पड़ी थी। वह इस अवस्था में थी कि उसका मुंह पानी में डूबा हुआ था। मौके पर टूटी हुई चूड़ियां पड़ी हुई मिलीं और आसपास अज्ञात लोगों के पैर के निशान भी देखे गए। मृतका के माथे पर चोट के निशान भी पाए गए हैं।

- बलविंद्र कौर रात नौ बजे बाड़े में पशुओं को देखने के लिए गई थी
- काफी देर तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने तलाश शुरू



यमुनानगर के गांव श्यामपुर निवासी मृतका बलविंद्र कौर का फाइल फोटो।

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

साढौरा थाना प्रभारी प्रमोद वालिया ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। फिलहाल कुछ भी स्पष्ट रूप से कहना संभव नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

वह उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास के लोगों से पूछताछ कर जरूरी साक्ष्य जुटाए।

### पुलिया के नीचे से बरामद हुआ दो दिन से लापता युवका का शव, हत्या का केस दर्ज

**यमुनानगर।** रादौर थाना क्षेत्र के गांव महमदपुर निवासी अनिल का शव वीरवार सुबह गांव सुढैल रोड पर पुलिया के नीचे से बरामद हुआ। मृतक सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था और दो दिन पहले घर से ड्यूटी के लिए निकला था। मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। जानकारी के अनुसार गांव महमदपुर निवासी 42 वर्षीय अनिल सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। वह रात को छह बजे से सुबह छह बजे तक की शिफ्ट में काम करता था। दो दिन पहले वह घर से ड्यूटी के लिए निकला था लेकिन वह ड्यूटी नहीं पहुंचा और उसका फोन भी बंद आ रहा था। वीरवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि गांव सुढैल के पास हाईवे से करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित पुलिया के नीचे शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच की। जांच में उसके पास से पहचान पत्र मिला। जिससे शिनाख्त हो पाई। उसके सिर पर चोट के निशान भी मिले। पुलिस ने मौके से जरूरी सबूत जुटाए। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।



### रंजिश का मामला: जांच अधिकारी

थाना फरकपुर प्रभारी जनक राज का कहना है कि मृतक के पास से मोबाइल व उसकी बाइक नहीं मिली। प्रारंभिक जांच में मामला रंजिशन हत्या का लग रहा है। अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस की टीमें जांच में जुटी है। जल्द ही आरोपी का पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## नेशनल हाईवे-152 डी पर हादसा

# ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, श्रद्धालु की मौत

⏩ संगत ट्रैक्टर-ट्रॉली से सरहिंद के फतेहगढ़ साहिब गुरुद्वारा में सेवा करने को जा रही थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

गंगहेड़ी-नारनौल नेशनल हाईवे-152 डी पर संगत को लेकर जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इसमें ट्रक का टायर एक श्रद्धालु के ऊपर से निकल गया। एक्सीडेंट में उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 लोग जख्मी हो गए। मृतक की पहचान गुरप्रीत सिंह (36) निवासी जयपुर जिला जींद के रूप में हुई।

गुरप्रीत सिंह खेती-बाड़ी का काम करता था। ट्रॉली के पिछले हिस्से में बैठे काबुल सिंह, काबुल सिंह, आज्ञापाल सिंह, अगमजोत सिंह निवासी जयपुर और कुलदीप सिंह निवासी धड़ाना जिला जींद जख्मी हो गए। जिला जींद के धड़ाना और जयपुर से ट्रैक्टर-ट्रॉली में संगत सरहिंद के फतेहगढ़ साहिब गुरुद्वारा में सेवा करने के लिए जा रही थी। इस ट्रैक्टर-ट्रॉली में आसपास के गांव के 14 से ज्यादा लोग सवार थे। संगत गुरुद्वारा साहिब 3 दिन की सेवा के लिए जा रहे थे। काबुल सिंह उर्फ पग्गा निवासी जयपुर ने बताया कि ये घटना बुधवार शाम करीब 7 बजे हाईवे 152-डी पर पिहोवा की तरफ उतरते समय घटी। हाईवे से नीचे उतरते समय पीछे से एक ट्रक तेज रफ्तार से आया और उनकी ट्रैक्टर-ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रॉली में बैठे लोग सड़क पर गिर पड़े और चीख पुकार मच गई। गुरप्रीत सिंह के ऊपर से ट्रक का टायर गुजर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। ट्रक ड्राइवर ने वाहन थोड़ी दूर रोका, लेकिन घायलों को देखकर मौके से फरार हो गया।

### आरोपी ड्राइवर ट्रक लेकर मौके से फरार

राहगीरों की मदद से घायलों को पिहोवा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर जश्नदीप सिंह ने गुरप्रीत सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल उसके साथ-साथ, काबुल सिंह, और कुलदीप सिंह को कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने देर रात ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने थाना सदर पिहोवा में बयान पर ट्रक नंबर के आधार पर केस दर्ज कर लिया। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने गुरप्रीत के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया।

## सीआईए टू ने लाखों की चोरी करने वाले दो चोर पकड़े

**पानीपत।** सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित व उनकी टीम ने हुडा सेक्टर 13/17 निवासी विशाल चहल के आवास से नगदी व जेवर चोरी करने के आरोप में कुलदीप उर्फ गुडडू पुत्र ओमबीर व मोहम्मद जुबेर पुत्र लियाकल निवासी शामली, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए सोने, चांदी के आभूषण व आर्टिफिशियल ज्वेलरी बरामद की है। एएसपी हर्षित गोयल ने बताया कि उपरोक्त मामले में विशाल चहल की शिकायत पर थाना सेक्टर 13/17 में केस दर्ज है। वहीं, पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो दिन रिमांड पर लिया है। पुलिस आरोपियों से चोरी की गई नगदी व जेवर बरामदगी का प्रयास करेगी।

## सुख-समृद्धि को तुलसी के पौधे बांटे



**पानीपत।** ब्रह्माकुमारी हुडा सेक्टर 25 स्थित सेवा केंद्र पर तुलसी पूजन दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वहीं सेवा केंद्र की संचालिका बीके अंजना ने तुलसी पूजन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर साल 25 दिसंबर को तुलसी दिवस मनाया जाता है। इस दिन पर तुलसी जी की पूजा अर्चना का विशेष महत्व माना गया है। ऐसे में श्रद्धालु इस दिन पर तुलसी से संबंधित कुछ खास उपाय कर सकते हैं। आपको तुलसी पूजन का पूर्ण फल प्राप्त हो सके। सनातन धर्म में तुलसी माता को विशेष स्थान प्राप्त है। मान्यता है कि इस दिन सच्चे मन से तुलसी माता की पूजा करने से जीवन में चल रही भागदौड़, तनाव और अस्थिरता समाप्त होती है और सुख व शांति का वास होता है। मौके पर राज गर्ग, शील माता, प्रोमिला नांदल, उषा गोयल, पार्वती, शालू, शान्ति, सत्या, अन्नू, रविंद्र नांदल, बलदेव, कर्मवीर, सत्यप्रकाश व सचिन आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर विधायक आनंद से मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर ऑर्गेनाइजेशन हरियाणा (भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध) की जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर करनाल विधायक जगमोहन आनंद से उनके कार्यालय में मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटरों से जुड़े मुद्दों के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटरों को कौशल रोजगार निगम में पोर्ट किए जाने की स्वीकृति मुख्यमंत्री स्तर पर पहले ही दी जा चुकी है, लेकिन संबंधित फाइल लंबे समय से वित्त विभाग में लंबित है। विधायक जगमोहन आनंद ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे इन सभी मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष मजबूती से रखेंगे और समाधान के लिए संबंधित विभागों से बातचीत करेंगे। मुलाकात के दौरान जिला सचिव ओंकार सिंह, चिड़ाव ब्लॉक प्रधान हिमांशु, करनाल ब्लॉक प्रधान रोशन लाल, कुंजपुरा ब्लॉक प्रधान बलविंदर कुमार सहित अश्विनी शर्मा, संदीप कुमार, रतनलाल, पंकज कुमार, मुकेश कुमार, सुनील कुमार, नरेश कुमार और सुरेंद्र कुमार उपस्थित रहे।



- पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर ऑर्गेनाइजेशन हरियाणा ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

### यह रखी मांगें

इस अवसर पर जिला सचिव ओंकार सिंह ने कहा कि ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटरों को जन स्वास्थ्य विभाग में समायोजित किया जाए और उनकी आठ घंटे की ड्यूटी केवल ट्यूबवेल पर ही ली जाए। उन्होंने बताया कि वर्तमान व्यवस्था में ऑपरेटर पंचायत और पब्लिक हेल्थ दोनों विभागों के बीच फंसे हुए हैं, जहां उनसे चार-चार घंटे की अलग-अलग ड्यूटी करवाई जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटरों को नियमित छुट्टियों की सुविधा नहीं मिलती, 30 दिन ड्यूटी के बावजूद उन्हें 26 दिन की ही सैलरी दी जाती है, जो अन्यायपूर्ण है।

## ताहरपुर जंगल से हजारों रुपये के खैर के पेड़ चोरी

**यमुनानगर।** खैर तस्करों ने गांव ताहरपुर के जंगल से हजारों रुपये के खैर के पांच पेड़ चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कलसिया रेंज छछरौली के वन राजिक अधिकारी बलजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शाम को क्षेत्र में गश्त कर रहा था।

इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि खैर तस्करों ने ताहरपुर जंगल से खैर के पेड़ काटकर चोरी कर लिए हैं। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचा। जांच करने पर जंगल से खैर के पांच पेड़ कटे मिले। उन्होंने बताया कि जांच करने पर पता चला कि यह खैर के पेड़ गांव जैतपुर निवासी जब्बार, बिलाल और शमीम ने काट कर चोरी किए हैं। उसने तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### स्कूल का ताला तोड़कर इनवर्टर व बैटरी चोरी

गांव भोगपुर स्थित सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि चोरों ने 23 दिसंबर की रात को स्कूल के ऑफिस का ताला तोड़कर इनवर्टर व बैटरी चोरी कर ली। सुबह जब स्कूल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो उन्हें चोरी का पता चला।

### द चेस एसोसिएशन ऑफ अंबाला के तत्वावधान में प्रतियोगिता आयोजित

# इंटर स्कूल चेस चौंपियनशिप में बच्चों ने दिखाया जोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

द चेस एसोसिएशन ऑफ अंबाला के तत्वावधान में आर्य स्कूल, अंबाला शहर में इंटर स्कूल चेस चौंपियनशिप का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में अंबाला सहित आसपास के क्षेत्रों से आए 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी शतरंज प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने पूरे जोश, अनुशासन और खेल भावना के साथ मुकाबले खेले, जिससे प्रतियोगिता रोमांचक बनी रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाही फीड, अंबाला के फाउंडर एवं सीईओ सुमित पुनियानी रहे।



अंबाला। चेस खेलते स्कूली बच्चे। फोटो: हरिभूमि

### प्रतियोगिता का उद्देश्य शतरंज को बढ़ावा देना: सुमित

सुमित पुनियानी ने कहा कि खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज खेल बच्चों के मानसिक विकास, एकाग्रता और निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करता है। उन्होंने इसे जीवन में सही निर्णय लेने की कला से जोड़ते हुए बच्चों को खेलों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर द चेस एसोसिएशन ऑफ अंबाला के चेयरमैन डॉ. विकास कोहली, प्रेसिडेंट मंदीप गौर, जॉइंट सेक्रेटरी मनीषा शर्मा एवं मैडम किरण विशेष रूप से उपस्थित रहीं। डॉ. विकास कोहली ने कहा कि शतरंज बच्चों में रणनीतिक सोच, धैर्य और आत्मविश्वास विकसित करता है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य अंबाला में शतरंज को बढ़ावा देना तथा उभरते खिलाड़ियों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है। टूर्नामेंट का निष्पक्ष एवं सुचारू संचालन मुख्य निर्णायक (चीफ आर्बिटर) हरप्रीत सिंह द्वारा किया गया। सहायक निर्णायक के रूप में लक्ष्य, शुभम एवं निपुण ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि सुमित पुनियानी ने आश्वासन दिया कि शाही फीड भविष्य में भी इस प्रकार के खेल एवं शैक्षणिक आयोजनों को निरंतर सहयोग प्रदान करती रहेगी, ताकि विद्यार्थियों की प्रतिभा को उचित दिशा और मंच मिल सके।

- 100 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया भाग

ईयर एंडर 2025

## भूमि अधिग्रहण पर खर्च हुए 20 करोड़ रुपये

# उत्तर प्रदेश और हरियाणा को जोड़ने के लिए करोड़ों की लागत से यमुना नदी पर बना पुल तीन वर्ष से जोह रहा उद्घाटन की बाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

उत्तर प्रदेश की सीमा स्थित हरियाणा के जठलाना क्षेत्र में यमुना नदी के नगली घाट पर यूपी और प्रदेश को जोड़ने वाला 576 मीटर लंबा पुल करीब तीन वर्ष से अपने उद्घाटन होने की बाट जोह रहा है। पुल के निर्माण पर करीब 84 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। जबकि भूमि अधिग्रहण और पुल के दोनों तरफ सड़क का निर्माण करने के लिए 20 करोड़ रुपये खर्च होने की बात कही जा रही है। इतना खर्च होने के बावजूद अभी तक पुल का उद्घाटन करने की जहमत नहीं उठाई गई है। बताया जा रहा है कि पुल को जोड़ने के लिए उसके दोनों तरफ करीब ढ़ाई किलोमीटर का सड़क का टूकड़ा बनाया जाना है। जिसकी वजह से पुल के उद्घाटन में देरी हो रही है। वहीं, संबंधित विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मार्च 2026 तक पुल का उद्घाटन होने की संभावना है।



यमुनानगर। जठलाना क्षेत्र में यमुना नदी के नगली घाट पर बना नवनिर्मित पुल पिछले तीन वर्ष से अपने उद्घाटन होने की बाट जोहता हुआ। फोटो : हरिभूमि

### किसानों को तय करना पड़ता है लंबा सफर

जठलाना क्षेत्र के सैंकड़ो किसानों की यमुना नदी के उस पार यूपी सीमा में हजारों एकड़ कृषि भूमि है। किसान अपनी भूमि में खेती करने के लिए यमुना नदी के बीच से होकर आते जाते हैं। जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में बाढ़ आने पर किसानों को वाया यमुनानगर व यूपी के शाहजहांपुर से होकर करीब 30 से 40 किलोमीटर का लंबा सफर तय करके अपनी भूमि में जाना पड़ता है। इस समस्या को दूर करवाने के लिए जठलाना क्षेत्र के किसान लंबे समय से क्षेत्र में यमुना नदी पर पुल बनवाए जाने की मांग कर रहे थे। जिसे देखते हुए हरियाणा के कृषि मंत्री एवं उस समय रादौर के विधायक रहे श्याम सिंह राणा के प्रयासों से सरकार द्वारा यमुना नदी के नगली घाट पर पुल का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया था। पुल का निर्माण कार्य पूरा होने के लिए उस समय 30 जून 2021 तक की तिथि निर्धारित की गई थी। उस समय पुल के निर्माण पर 57 करोड़ रुपये खर्च किए जाने थे। मगर बीच में कोरोना की वजह से लॉकडाउन लगने से पुल का निर्माण कार्य बंद रहा। इसके बाद पुल के निर्माण पर 84 करोड़ रुपये लागत आना निर्धारित किया गया और निर्माण कार्य पूरा होने के लिए समय अवधि बढ़ाकर अप्रैल 2022 तक की गई। निर्धारित अवधि में पुल का निर्माण कार्य तो अप्रैल 2022 में पूरा कर लिया गया।

### उद्घाटन होने पर सफर होगा आसान

यमुना नदी के नगली घाट पर पुल का उद्घाटन होने से हरियाणा, पंजाब व यूपी समेत अन्य राज्यों में आने जाने के लिए लोगों का सफर काफी आसान हो जाएगा। लोगों को वाया यमुना नगर से होकर गुजरने की बजाए नगली घाट से होते हुए अपने गंतव्य पर पहुंचने में कम समय में सफर करना आसान हो जाएगा। उधर, संबंधित विभाग के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि जल्द ही पुल के दोनों तरफ शेष रही सड़क को जल्द बना लिया जाएगा और इसके बाद पुल का ऑफिशियल उद्घाटन कर दिया जाएगा।

### सड़क नहीं बनने के कारण उद्घाटन लटका

यमुना नदी के नगली घाट पर बने पुल के दोनों तरफ 2300 मीटर सड़क बननी है। जिसमें उत्तर प्रदेश की ओर 1100 मीटर व हरियाणा की तरफ 1200 मीटर सड़क बनाई जानी है। इस सड़क के लिए किसानों से भूमि का अधिग्रहण भी किया जा चुका है। मगर सरकार की उदासीनता के चलते पुल के दोनों ओर सड़क का निर्माण कार्य नहीं हो सका है।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा दे किया किशोरी को अगवा

**यमुनानगर।** फरकपुर थाना क्षेत्र की कॉलोनी से युवक शादी का झांसा देकर किशोरी को अगवा करके ले गया। फरकपुर थाना क्षेत्र की एक कालोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 दिसंबर को उसकी 15 वर्षीय लड़की रात को खाना खाकर अपने कमरे में सो गई थी। सुबह उन्हें अपनी लड़की घर से गायब मिली। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव शेखपुरा निवासी समीम उसकी लड़की को शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया।

### बदमाश ने गाड़ी रुकवा कर की मारपीट

**यमुनानगर।** बदमाश ने रटौली रोड पर सुशांत सिटी वाले रास्ते पर एक गाड़ी को रुकवाकर चालक के साथ मारपीट की। आरोपी ने उससे पैसे से भरा पर्स छीन कर भाग गया। पर्स में 30 हजार रुपये थे। जानकारी के अनुसार शहर की अमरपुरी कॉलोनी निवासी सुदेश कुमार ने फरकपुर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 24 दिसंबर को रटौली रोड से सुशांत सिटी वाले रास्ते से गाड़ी में जा रहा था। इस दौरान एक युवक ने उसे रास्ते में रोक लिया। आरोपी उसके साथ गाली गलौच कर मारपीट करने लगा। इसके बाद आरोपी उससे पर्स छीन कर भाग गया।

### पिस्तौल के बल पर बदमाशों ने छीनी कार

**कुरुक्षेत्र।** 152 डी पर जोगिंदर सिंह डेरा के सामने दो कारों में आए बदमाश व्यक्ति से कार छीन कर फरार हो गए। थाना इस्माईलाबाद पुलिस ने इस संदर्भ में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सागर शाहजी निवासी कन्हेली रोड, रोहतक ने बताया कि उसके ड्राइवर संदीप कुमार के साथ 152 डी पर यह वारदात हुई है।

## शहर के मॉडल टाउन में वीरवार को सुशासन दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी थे अच्छे कवि और कुशल राजनीतिज्ञ: कटारिया

भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 24 दिनों के लिए जेल में रहे

भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्प अर्पित कर किया नमन

- देश हित और समाज कल्याण के लिए कार्य किया



**यमुनानगर।** मॉडल टाउन में आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए भाजपा नेत्री बंतो कटारिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न एवं अंतरराष्ट्रीय नेता औ स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती के अवसर पर शहर के मॉडल टाउन में वीरवार को सुशासन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर गणमान्य समेत भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने उन्हें नमन किया।

भाजपा नेत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने कहा कि भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी एक अंतरराष्ट्रीय नेता रहे हैं। उन्होंने अपने जीवन काल में सदा देश हित और समाज कल्याण के लिए कार्य किया। कटारिया ने बताया अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर मध्य प्रदेश में हुआ था। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी एक भारतीय राजनीतिज्ञ, राजनेता और एक अच्छे कवि भी थे।

1996 में पहली बार 13 दिनों की अवधि के लिए और उसके बाद 1998 से 1999 तक 13 महीने की अवधि के लिए तथा उसके बाद 1999 से 2004 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। भाजपा नेत्री बंतो कटारिया ने बताया कि वर्ष 1939 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी स्वयंसेवक के रुप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 24 दिनों के लिए जेल में रहे। 1951 में नवगठित राजनीतिक दल भारतीय जनसंघ के साथ काम करने के लिए वाजपेयी को चुना गया और उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया। वर्ष 1957 के भारतीय आम चुनाव में वाजपेयी ने लोकसभा का चुनाव लड़ा। 1968 में वाजपेयी भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। बंतो कटारिया ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी नौ बार लोकसभा व दो बार राज्य सभा के सदस्य चुने गए। बंतो कटारिया ने बताया पूर्व केंद्रीय मंत्री रतनलाल कटारिया का पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी से विशेष लगाव रहा है। स्व. रत्नलाल कटारिया समय समय पर पूर्व प्रधानमंत्री को अपनी कविताएं सुनाकर वाहवाही लूटते थे। उन्होंने बताया कि इस दिन को सुशासन दिवस के रुप में मनाने का उद्देश्य लोगों को सुशासन के महत्व के बारे में जागरूक करना है।

## वाजपेयी ने अपनी दूरदर्शी सोच और मजबूत नेतृत्व से देश को दी नई दिशा: बहमनी

- निगम की मेयर सुमन बहमनी ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर के निगम कार्यालय में सुशासन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए मेयर सुमन बहमनी |फोटो : हरिभूमि

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी कार्यालय में वीरवार को भारत रतन एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी का 101वां जन्मदिवस सुशासन दिवस के रुप में मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी व निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने भाग लिया। इस दौरान अतिथियों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे व्यतित्व थे। जिन्होंने अपनी दूरदर्शी सोच, सरल व्यवहार और मजबूत नेतृत्व से देश को नई दिशा दी। उन्होंने सुशासन को केवल एक शब्द नहीं, बल्कि एक कार्यशैली के रूप में अपनाया। उन्होंने सदैव अंत्योदय की भावना के साथ काम किया और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का प्रयास किया। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि सुशासन दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं है। बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। जिससे हम अपने कार्यों को और बेहतर बना सकें। सुशासन दिवस मनाने का उद्देश्य भी यही है कि हम उनके विचारों को आत्मसात कर प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसेवा को प्राथमिकता दें। मौके पर निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि स्व.अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए देश को कई ऐतिहासिक योजनाएं और निर्णय दिए। इस अवसर पर निगम के अतिरिक्त आयुक्त धीरज कुमार ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक राजनेता ही नहीं थे। बल्कि एक संवेदनशील कवि, विचारक और कुशल प्रशासक भी थे। मौके पर क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया, मुख्य सफाई निरीक्षक अनिल नैन, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, गोपाल बक्शी, प्रदीप दहिया, सतबीर व कमल दहिया आदि मौजूद रहे।

### पूर्व प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक कार्यों से देश को मिली नई दिशा : राणा

**रादौर।** संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल हरनौल में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस मना दी गई श्रद्धांजलि। इस मौके पर भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी रणधीर सिंह ने की। मुख्य अतिथि नेपाल सिंह ने अटल बिहारी वाजपेयी की महान उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, पोखरण परमाणु परीक्षण, सर्व शिक्षा अभियान, शांति एवं कूटनीति के माध्यम से पड़ोसी देशों से संवाद जैसे ऐतिहासिक कार्यों द्वारा देश को नई दिशा दी। एक कुशल राजनेता होने के साथ-साथ वे एक श्रेष्ठ कवि, ओजस्वी वक्ता एवं राष्टवादी विचारक भी थे। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर रोशन लाल शर्मा, गुरनाम सिंह, नीरज, राजेश बकाना सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



यमुनानगर। हरनौल में संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमिम

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि



**रादौर।** भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा वीरवार को गांव खेडी लक्खा सिंह में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष हैप्पी खेडी ने की। जिला उपाध्यक्ष के साथ साथ कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भेंट की। इसी उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया गया। खेडी ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर में हुआ था। प्रधानमंत्री के तौर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने देश में फैले भ्रष्टाचार को दूर करने के प्रयास किए। उनके समय में कारगिल युद्ध लडा गया। जिसमें भारत ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी। उन्होंने हमेशा ईमानदारी की राजनीति की और उन्हें दिसंबर 2014 में भारत रत्न से भाजपा सरकार ने सम्मानित किया। इस अवसर पर हैप्पी खेड़ी के साथ नर सिंह, इंद्रपाल, विकी, पवन, संजू, रिंकू, देव मुंजाल आदि मौजूद रहे।

## जनता पब्लिक स्कूल में तुलसी पूजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

- गुरु गोबिंद सिंह जी के बलिदान को भी किया याद

जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में तुलसी पूजन दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के अध्यक्ष मुकेश शास्त्री ने तुलसी पूजन करके किया। मौके पर स्कूल में सभी की शांति के लिए हवन यज्ञ आयोजित किया गया। हवन में स्कूल के अध्यापकों ने आहुति डालकर सर्व समाज के मंगल की कामना की। इसी के साथ गुरु गोविंद सिंह जी के परिवार को भी याद किया गया। अध्यक्ष मुकेश शास्त्री ने बताया कि यह सप्ताह हमें प्रेरणा देता है कि किस प्रकार समाज के लिए गुरु गोविंद सिंह जी ने अपने पूरे परिवार का बलिदान कर दिया। 21 से 28 दिसंबर इन 7 दिनों में गुरु गोविंद सिंह जी का पूरा परिवार देश के लिए शहीद हो गया। उन्होंने बताया कि हमारा प्रयास सदैव सनातन पद्धति से चलने का रहता है। इसी के अंतर्गत विद्यालय में आज तुलसी पूजन हुआ। उन्होंने बताया कि समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम उन द्वारा करवाए जाते है। जिससे बच्चे सनातन संस्कृति से जुड़े रहे। उन्होंने बताया कि कल 26 दिसंबर को शहीद शिरोमणि उधम सिंह कंबोज का भी जन्मदिवस जिसे भी हमें बड़ी धूमधाम से बनाना चाहिए।



**यमुनानगर।** रादौर के जनता पब्लिक स्कूल में हवन यज्ञ करते बच्चे व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## कोहरे में स्कूल बस चालक रखें सावधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

मौसम में बढ़ रही ठंड व आए दिन घना कोहरा छाए रहने को लेकर व्यासपुर में खंड शिक्षा कार्यालय में स्कूल संचालकों, स्कूल बस चालकों व परिचालकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने की।

एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने स्कूल बस चालकों को गति को नियंत्रित रखने और सभी नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल बसों में लेडी अटेंडेंट, सीसीटीवी कैमरा, बसों की पासिंग, ड्राइवर के पास पांच साल अवधि से अधिक का वैध लाइसेंस होने के साथ साथ सुरक्षित वाहन पॉलिसी के नियमों का चालक पालन करें। स्कूल संचालक यह सुनिश्चित करें।



यमुनानगर। व्यासपुर के खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में स्कूल संचालकों व स्कूल बस चालकों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल।

आयोजन

## श्रद्धालुओं ने चर्च में मोमबत्तियां जलाकर प्रभु यीशु को किया याद

# गिरजाघरों में प्रार्थना सभा कर मनाया क्रिसमस पर्व

- अधिकांश ईसाईई समुदाय के लोगों ने बच्चों के नामकरण भी किए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

क्रिसमस पर्व के अवसर पर वीरवार को जिले भर के गिरजाघरों में प्रभु यीशु मसीह का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान गिरजाघरों में प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। प्रभु यीशु के जन्म दिन पर क्रिसचन समुदाय के लोगों ने केक काटा और एक दूसरे को बधाई दी। श्रद्धालुओं ने गिरजाघरों में मोमबतियां जलाकर प्रभु यीशु से प्रार्थना की। वीरवार को शहर के फव्वारा चौक स्थित चर्च तथा सीएनआई चर्च जगाधरी में सुबह के समय बड़ी प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इस दौरान यीशु मसीह का शांति संदेश दिया गया। क्रिसमस को लेकर ईसाई समुदाय के अलावा अन्य समुदायों ने विभिन्न स्थानों पर आयोजित प्रार्थना सभाओं में हिस्सा लेकर खुशियां मनाई। खास बात यह है कि इस अवसर पर अधिकांश ईसाईई समुदाय के लोगों ने बच्चों के नामकरण भी किए। उन्होंने बच्चों को पादरी की गोद में दिया और उनके माता पिता को धार्मिक सवाल किए। इसके बाद एक कटोरे में रखे जल को पवित्र किया और उस जल से बच्चों पर तीन बार डाला। साथ ही उसके माथे पर क्रास बनाकर उसका नामकरण किया।





यमुनानगर। क्रिसमस पर्व पर वीरवार को शहर के चर्च परिसर में कैंडल जलाकर व प्रार्थना सभा में भाग लेकर यीशु मसीह को याद करते श्रद्धालु

### क्रिसमस पर्व का वर्ष भर रहता है इंतजार

क्रिसचन समुदाय के प्रेम, रंजीत गिल, सुरेंद्र, रोबिन व सन्नी आदि ने बताया कि इस विशेष दिन का बड़े, बुजुर्ग और बच्चे सभी इंतजार करते हैं। मौके पर चर्च पादरी ने कहा कि प्रभु यीशु का इस जगत में आने का उद्धेश्य सभी जाति के लोग आपस में मेल प्यार और सलामती के साथ अपना जीवन यापन करें। प्रभु का भोज ग्रहण करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी। इसके साथ ही प्रभु के जन्म दिन की खुशियां मनाने केलिए गीत और भजन गाए गए।

### केट काटकर मनाई खुशी

क्रिसमस की खुशी में इसाई समुदाय के सोहन गिल, सोनू, उलफत, कोविंद, संज्जू व कम्मा आदि ने परिवार के साथ केक काटकर खुशियां मनाई और एक दूसरे को बधाई दी। इसके साथ नहर कालोनी स्थित चर्च घर व मंडौली स्थित चर्च घर समेत अन्य गिरजाघरों में क्रिसमस पर्व मनाया गया। श्रद्धालुओं ने पूजा कर एक-दूसरे को क्रिसमस पर्व की बधाई दी।

## शिविर में स्लम एरिया के 180 बच्चों व लोगों का जांचा स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

स्वयंसेवी संस्था कुंजन जनसेवा समिति के तत्वावधान में वीरवार को शहर के स्लम एरिया के लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 180 सलम एरिया के बच्चों व लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई।

शिविर में मुख्यातिथि के रुप में शहर के वरिष्ठ समाजसेवी सुरजीत सिंह ने भाग लिया। भारतमाता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया शुभारंभ मुख्यातिथि एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुरजीत सिंह ने भारत माता के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित करके शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में डॉ. अशोक कुमार व डॉ. रोहित ने मरीजों के स्वास्थ्य, फेफड़ों व दांतों की जांच की। चिकित्सकों ने बताया कि शिविर में ज्यादातर बच्चे खांसी, जुकाम, बुखार से पीड़ति मिले। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही स्लम एरिया के 25 बच्चों के दांतों की जांच की गई। जिसमें से 20 बच्चों के दांत खराब मिले। दांतों में कीड़ा लगा हुआ था। इस दौरान बच्चों को बुरश व टूथपेस्ट वितरित किए गए।

## ख़बर संक्षेप



### क्रिसमस पर्व पर बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**कुरुक्षेत्र।** लिटिल मिलेनियम स्कूल, सेक्टर 3 में क्रिसमस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डेवलपिंग रूट्स से लेकर रेडी टू फ्लाई 2 तक के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राएं रंग-बिरंगी सांता क्लॉज की वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे, जिससे पूरा विद्यालय परिसर क्रिसमस के रंग में रंग गया। कार्यक्रम की खास आकर्षण एक सुंदर रूप से सजा हुआ क्रिसमस कॉर्नर रहा, जहां क्रिसमस ट्री, सजावटी घंटियां, सांता क्लॉज और रंगीन सजावट ने सभी का मन मोह लिया। समारोह के दौरान बच्चों ने जिंगल बेल्स, छन छन छन घंटी बजती है सहित कई अन्य क्रिसमस गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए।

### जगदीश चंद्र राजकीय स्कूल में एनएसएस शिविर शुरू



**कुरुक्षेत्र।** जगदीश चंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठोल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गांव की सरपंच रूमा देवी बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहीं। एनएसएस कैंप के अध्यक्ष पीजीटी सोशोलोजी सुरेश कुमार ने सरपंच रूमा देवी व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन सुरेंद्र कुमार ने किया। कैंप में सतनाम सिंह, पीजीटी पंजाबी बलजीत सिंह, क्लर्क ममता रानी व अन्य मौजूद रहे।

### डीएसपी सुनील कुमार को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** सुशासन दिवस के अवसर पर कुरुक्षेत्र जिला प्रशासन द्वारा डीएसपी सुनील कुमार को पराली न जलाने की दिशा में किए गए प्रभावी प्रयासों एवं पर्यावरण संरक्षण में अहम योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डीएसपी सुनील कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र में किसानों को पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान, वायु प्रदूषण और जनस्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को लेकर लगातार जागरूक किया गया।

### पारंपरिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन

# तुलसी का पौधा सुख और कल्याण का प्रतीक : नागपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

तुलसी दिवस पर जिलाभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के वीर साहिबजादों की गौरवमयी शहादत एवं पारंपरिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने हेतु तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ नागपाल नर्सिंग होम प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक मूल्यों, पर्यावरण संरक्षण और मानवीय चेतना को सशक्त बनाना रहा।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में सीनियर सिटीजन फोरम कुरुक्षेत्र के निवर्तमान प्रधान डॉ. ए. सी. नागपाल, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद (रजि.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल, भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के प्रदेश प्रवक्ता तरुण वधवा, सहजयोग संस्था से सुधीर कुमार, आस्था मैरिज ब्यूरो से राकेश गाबा, गुलाटी मेडिकल स्टोर से गुलशन गुलाटी, अरोड़ा मेडिकोज राधा कृष्ण अरोड़ा, अनिल कुमार, सुधांशु कुमार, सागर बाजवा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



कुरुक्षेत्र। तुलसी पूजन करते गणमान्यजन।

**तुलसी के महत्व के बारे में बताया**

मुख्य अतिथि के रूप में सीनियर सिटीजन फोरम कुरुक्षेत्र के निवर्तमान प्रधान डॉ. ए. सी. नागपाल ने तुलसी पूजन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तुलसी केवल एक पौधा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, स्वास्थ्य और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। तुलसी वातावरण को शुद्ध करती है और मानव जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक परिवार को तुलसी पूजन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। तुलसी का पौधा सुख और कल्याण का प्रतीक है। तुलसी के पौधे को घर के आंगन में लगाने से पिछले जन्म के पाप मिट जाते हैं। तुलसी की पूजा करने से घर में यमदूत नहीं आते और सुख-समृद्धि बनी रहती है। राधा कृष्ण अरोड़ा ने कहा कि तुलसी के पत्ते को गंगाजल के साथ मृत व्यक्ति के मुंह में रखने से आत्मा को शांति मिलती है। तुलसी के पौधे की पत्ती, जड़, और बीज सभी गुणों से भरे हैं। आयुर्वेद में तुलसी का इस्तेमाल औषधि के रूप में किया जाता है। उन्होंने कहा कि चारों साहिबजादों ने अत्याचार और अन्याय के सामने झुकने के बजाय धर्म, सत्य और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने युवाओं से साहिबजादों के आदर्शों को अपनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया। सभी वक्ताओं ने कार्यक्रम को सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत प्रेरक बताया। कार्यक्रम का समापन साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित कर एवं समाज में नैतिक मूल्यों के प्रसार का संकल्प लेकर किया गया।

1. तुलसी को संस्कृति, स्वास्थ्य और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक बताते हुए इसे दिनचर्या में अपनाने का आह्वान किया
2. सभी वक्ताओं ने कार्यक्रम को सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत प्रेरक बताया

### गीता निकेतन विद्या मंदिर विद्यालय में तुलसी के धार्मिक और पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला



**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर -3 विद्यालय में तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन भगत सिंह सदन द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विधि-विधान से तुलसी माता का पूजन किया, जिसमें मंत्रोच्चार और भक्तिमय भावनाओं का संगम देखने को मिला। विद्यार्थियों ने अपनी कविता गीत वह भाषण आदि के माध्यम से तुलसी के धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यालय प्रधानाचार्य श्री सोमनाथ ने बताया कि भारतीय संस्कृति में तुलसी का विशेष स्थान है और आयुर्वेद में इसके औषधीय गुण मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

### मैक्स जूनियर स्कूल में विद्यार्थियों ने भक्ति के गीत गाए और तुलसी माता की आरती की



**कुरुक्षेत्र।** मैक्स जूनियर स्कूल में तुलसी पूजन का कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना के साथ की गई, जिसमें सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में स्थित तुलसी पौधे की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को तुलसी पौधे के धार्मिक, औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बच्चों को बताया गया कि तुलसी हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है और वातावरण को शुद्ध रखने में सहायक होती है। साथ ही विद्यार्थियों को पौधों की देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भक्ति गीत गाए और तुलसी माता की आरती की। छोटे-छोटे बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। सभी विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे अपने घर और आसपास के वातावरण में पौधारोपण करेंगे तथा उनकी नियमित देखभाल करेंगे।

### श्रीमद्भगवद्गीता विद्यालय में धूमधाम से मनाया तुलसी पूजन

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद्भगवद्गीता विद्यालय मे सर्वप्रथम मां तुलसी जी पूजन कार्यक्रम में माँ सरस्वती ॐ तथा भारत माता के पूजन के बाद माँ तुलसी को चन्दन तिलक तथा माल्यापर्ण एवं चुनरी वस्त्र धारण कराकर विद्यालय के प्राचार्य अनिल मदान, सभी विभाग प्रमुखआचार्य /आचार्या दीदी और सभी कक्षा प्रमुख व उपप्रमुखों द्वारा किया गया। विद्यालय के हिन्दी विभाग प्रमुख रोहताश ने सभी छात्रों एवं जनसमूह को संबोधित करते हुए बताया कि इस दिन में हम अपने जीवन को सुख समृद्धि प्रदान करने वाले पवित्र कार्य करते हैं। कनिका शर्मा ने तुलसी भजन गायन कर सभी उपस्थित जन को आध्यात्मिक रस मे डूबोकर भाव विभोर कर दिया। प्राचार्य अनिल मदान ने अपने व्यक्तव्य मे बताया कि तुलसी माता एक पौधे के रूप में हमारे मध्य रहकर हमारी आध्यात्मिक, प्राणिक,मानसिक शक्ति को बढ़ाने तथा स्वास्थ संबंधी बीमारियों को रोकने के रोग प्रतिरोधक समता बढ़ाती है।



### तुलसी का पौधा मानव जीवन के लिए उपयोगी

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन रोड स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तुलसी पूजन दिवस बड़े ही श्रद्धा, उत्साह एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक बलबीर प्रकाश एवं प्रधानाचार्या सुमन बालाजी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक ने तुलसी माता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि तुलसी का पौधा अनेक प्रकार से मानव जीवन के लिए उपयोगी है। उन्होंने बताया कि तुलसी को पहले वृंदा के नाम से जाना जाता था, जो दैत्यराज जलंधर की पत्नी थीं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा आदि ने तुलसी पूजन दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।



## अरनैचा में जिप चेयरमैन ने लाखों के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

पिहोवा विधानसभा क्षेत्र के गांव अरनैचा में विकास कार्यों को नई गति मिली है। शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्र में जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर ने नारियल फोड़कर लाखों रुपये की लागत से कराए गए विकास कार्यों का विधिवत उद्घाटन किया। विद्यालय परिसर में पहुंचने पर सरपंच रामलाल व गांव की महिलाओं ने फूल-मालाओं के साथ जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर कंवलजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला परिषद की ओर से विद्यालय में स्टेज निर्माण, पेंटिंग तथा चारदीवारी का



कार्य कराया गया है, वहीं आंगनवाड़ी केंद्र का भी नवीनीकरण किया गया है। इन सभी कार्यों पर जिला परिषद द्वारा लाखों रुपये का बजट खर्च किया गया है। कंवलजीत कौर ने कहा कि हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार बिना किसी भेदभाव के पारदर्शी तरीके से विकास कार्य कर रही हैं।

## कड़ाके की ठंड ने किया लोगों का हाल-बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी में लगातार बढ़ती जा रही ठंड से हाड़ कंपकपाने लगे हैं। एक दिन पहले बुधवार को धूप खिलने से राहत के बाद अगले दिन वीरवार को दिनभर धुंध छाई रही। वीरवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में कमी आने से कड़ाके की ठंड ने लोगों का हाल-बेहाल कर रखा है। हालात ऐसे हैं कि लोग ठंड के चलते घरों से बाहर निकलने से ही परहेज कर रहे हैं। हाथ-पांव ठिठुरने पर काम तक करना मुश्किल हो रहा है। दिन भर सेक्टरों की सड़कें और गांव की गलियां सूनी रहने लगी हैं। पिछले कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड के चलते मनुष्य ही नहीं पशु पक्षियों की हालत भी खराब हो रही है। ठंड से



कुरुक्षेत्र। ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते शहरवासी।

बचने के लिए लोग अपने घरों में रजाइयों में दुबके रहते हैं। घरों से बाहर निकलने से पहले ठंड से बचाव के लिए कई-कई गर्म कपड़े डालने पड़ रहे हैं। इतने प्रबंधों के बावजूद शरीर ठंड से कांप रहे हैं। हाथ-पांव लगातार ठंडे रहने से दैनिक काम काज निपटाने तक में परेशानी हो रही है।

### *ठंड के सीजन में जरूरतमंद लोगों को रैन बसेरा में रहना चाहिए*

*जिला रेडक्रॉस सचिव श्याम सुंदर ने कहा कि ठंड के सीजन में जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आम नागरिक को आगे आना चाहिए। इस सीजन में लोगों को कम्बल और गर्म कपड़े जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध करवाने का प्रयास करना चाहिए। इन जरूरतमंद लोगों को उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के आदेशानुसार कम्बल वितरित किए जा रहे है। जिला रेडक्रॉस सचिव श्याम सुंदर ने उपायुक्त के आदेशानुसार रात्रि जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित करने के दौरान कर्मचारियों को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। इससे पहले जिला रेडक्रॉस सचिव श्याम सुंदर ने कुरुक्षेत्र शहर के रैन बसेरों का निरीक्षण किया और जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए और इसके साथ ही सडकों के किनारे सोने वाले लोगों को रैन बसेरा में जाने की अपील भी की है।*

## न्यूज डायरी

### गीता कन्या स्कूल में मनाया राष्टीय उपभोक्ता दिवस

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में पोस्टर बनाओ तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम डिजिटल न्याय के माध्यम से कुशल और त्वरित निपटान रही, जिसका उद्देश्य डिजिटल माध्यमों द्वारा उपभोक्ता मामलों के शीघ्र एवं प्रभावी निपटान को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग और क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने उपभोक्ता अधिकारों, डिजिटल न्याय प्रणाली, ऑनलाइन शिकायत निवारण और ह्लजागो ग्राहक जागोह्व जैसे विषयों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा व डॉ राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी एवं प्राचार्या श्रीमती सुमन बाला ने सभी राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।



### शहीदों के बलिदान को संगत ने किया नमन

**कुरुक्षेत्र।** प्रसिद्ध गुरबाणी कथावाचक बाबा बंता सिंह (मुंडा पिंड) ने कहा कि दशमेश पिताजी के चार साहिबजादों ने धर्म के प्रति जो निष्ठा और समर्पण दिखाया है, वह बेमिसाल है। चार साहिबजादों ने हार नहीं मानी और धर्म के प्रति अडिग रहें। बाबा बंता सिंह कुरुक्षेत्र में सुशोभित ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में दास्तान-ए-शहीदां गुरमत समागम की लड़ी के अंतिम समागम में संगत से रूबरू हो रहे थे। इस समागम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा, कार्यकारिणी समिति सदस्य कुलदीप सिंह मुल्तानी, मैंबर इंद्रजीत सिंह, मैंबर हरमनप्रीत सिंह, मैंबर बीबी जसबीर कौर मसाना, सुखजिंदर सिंह मसाना, अतिरिक्त सचिव (पीए) सतपाल सिंह डाचर, सचिव धर्म प्रचार परमजीत सिंह शेरगढ़, निजी सचिव शमशेर सिंह, धर्म प्रचार प्रभारी प्रगट सिंह गौरगढ़, पूर्व मैंबर परमजीत सिंह मक्कड़, दिलबाग सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह समेत भारी गिनती में संगत ने हाजरी भरी। इस दौरान गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं श्री नाडा साहिब पंचकूला के हजूरी रागी भाई इंदरजीत सिंह ने शब्द कीर्तन से जोड़ा। पंथ प्रसिद्ध ढाडी भाई गुरप्रीत सिंह लांडरां ने भी संगत को गुरु इतिहास से जोड़ा। धर्म प्रचार के कविशरी जत्थे चमकौर सिंह ने भी सरबंसदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज, माता गुजर कौर और साहिबजादों के शहीदी इतिहास के प्रसंग अपनी रचनाओं के माध्यम से सुनाए।



## सुशासन दिवस : अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

- अटल बिहारी वाजपाई की 100वीं जयंती पर लघु सचिवालय के में कार्यक्रम आयोजित

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि प्रशासन में काम करने वाले प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी के देश हित को आगे रखकर काम करने से सपनों के कुरुक्षेत्र, हरियाणा और भारत का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र की लाडवा विधानसभा के जनप्रतिनिधि हैं। ऐसे में जिला के अधिकारियों की जिम्मेदारियों और ज्यादा बढ़ जाती है। यहां पर ऐसे कीर्तिमान स्थापित किए जाने चाहिए कि प्रदेश के दूसरे जिले और अन्य प्रदेश भी कुरुक्षेत्र से प्रेरणा लें। सांसद नवीन जिंदल वीरवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपाई की 100वीं जयंती पर लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में ऑनलाइन प्रणाली से जुड़कर बोल रहे थे। इस दौरान हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, जिला अध्यक्ष तिजेंदर सिंह गोल्डी, भाजपा नेता सुभाष कलसाना और जयभगवान शर्मा डीडी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। सुशासन दिवस कार्यक्रम में अच्छा करने वाले पांच विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इनमें रेवेन्यू विभाग से डीआरओ चेतना चौधरी, डीडीए डा.कर्मचंद, डीएसपी सुनील कुमार, बीडीपीओ रुबल, नायब तहसीलदार सुभाष चंद्र, जिला परिषद के सीईओ शंभू राठी, प्रोग्रामर राजीव, सिंचाई विभाग के एक्सईएन मुनीष बब्बर आदि शामिल रहे।



कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को सम्मानित करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

### छात्रों को बचाव व राहत का दिया प्रशिक्षण

**कुरुक्षेत्र।** पीएमश्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांव दुराना में आपदा प्रबंधन विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में गुरप्रीत सिंह, मास्टर ट्रेनर आपदा प्रबंधन ने विद्यार्थियों को विभिन्न आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव से संबंधित महत्वपूर्ण एवं व्यवहारिक जानकारियाँ प्रदान कीं। यह कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाचार्या हरप्रीत कौर के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसमें मास्टर लाभ सिंह एवं जय राम की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशिक्षण के दौरान गुरप्रीत सिंह ने छात्रों को आसमानी बिजली गिरने, बिजली के शॉर्ट सर्किट, भूकंप, आग तथा बाढ़ जैसी आपदाओं में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों, राहत एवं बचाव कार्यों की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आसमानी बिजली के समय खुले स्थान, पेड़ एवं बिजली के खंभों से दूर रहना चाहिए, वहीं बिजली के शॉर्ट सर्किट की स्थिति में तुरंत मुख्य स्विच बंद कर सुरक्षित दूरी बनाए रखना आवश्यक है।



**कार्यक्रम** चार साहिबजादों का शहादत दिवस और वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस मनाया

अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित, वैदिक परंपराओं के अनुसार किया शुभारंभ

# चार साहिबजादों और महाराजा सूरजमल का जीवन युवाओं के लिए साहस और कर्तव्यनिष्ठा का आदर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में श्रद्धा, गौरव और देशभक्ति के वातावरण में चार साहिबजादों का शहादत दिवस तथा वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस गरिमामय रूप से मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्ध नागरिक, विद्यार्थी, कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक परंपराओं के अनुसार विधिवत यज्ञ-हवन के साथ किया गया। यज्ञ में देश की अखंडता, सामाजिक सौहार्द, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य तथा समाज की समृद्धि के लिए आहुतियां अर्पित की गईं। यज्ञ के पश्चात विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने चार साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान और महाराजा सूरजमल जी के राष्ट्रनिर्माण में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला के प्रधान कृष्ण श्योकंद ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल जी न केवल एक महान योद्धा थे, बल्कि वे 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाले दूरदर्शी, कुशल और न्यायप्रिय शासक भी थे।



कुरुक्षेत्र। समारोह में मौजूद लोगों को संबोधित करते जाट धर्मशाला के प्रधान कृष्ण श्योकंद।

### अपने गौरवशाली इतिहास से युवाओं को जोड़े

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित पूर्व वाइस चांसलर रणपाल तहलान ने अपने संबोधन में कहा कि आज आवश्यकता है कि बच्चों और युवाओं को अपने गौरवशाली इतिहास, महापुरुषों के बलिदान और शिक्षाओं से जोड़ा जाए, ताकि आने वाली पीढ़ी अपने सांस्कृतिक मूल्यों को समझ सके और उन्हें आगे बढ़ा सके। विचार गोष्ठी में कंवरजीत भारद्वाज, रमेश मराठा, डॉ. संतोष दहिया, मदनलाल सारसा, डॉ. संदीप, आदित्य मलिक, अरुण पंडित एवं आर्य सुलेख सिवाह ने भी अपने-अपने विचार रखे।

### पदाधिकारियों को किया सम्मानित

वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में राष्ट्रभक्ति, नैतिक मूल्यों, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चार साहिबजादों और महाराजा सूरजमल जी का जीवन युवाओं के लिए साहस, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का आदर्श है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला की कमेटी द्वारा विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान उपप्रधान बनी सिंह दुल, सचिव हरिकेश, जितेंद्र सहित कमेटी के अन्य सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पण भाव के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने महापुरुषों के आदर्शों पर चलने और उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# 38 करोड़ रुपये की लागत से सुधरेगी बिजली वितरण व्यवस्था

अम्बाला छावनी में बिछेगा तारों का आधुनिक जाल, 127 नए ट्रांसफार्मर, 7 फीडरों और 6 हजार से ज्यादा नए पोल लगेंगें

## अम्बाला छावनी में बिजली क्रांति का ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने किया आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि आज अम्बाला छावनी में बिजली वितरण व्यवस्था को ठीक करने हेतु बड़ा कार्यक्रम आरंभ किया गया है। जिस शहर है पूर्व सरकारें 38 पैसे तक नहीं लगाते थी आज वहां वितरण क्षेत्र सुधार योजना के तहत अम्बाला छावनी में 38 करोड़ रुपए की लागत से बिजली के ढांचे को सुदृढ़ किया जा रहा है। आज वर्तमान सरकार के समय हमने अरबों रुपए की लागत से अम्बाला छावनी में विकास कार्य करवाए हैं। विज आज अम्बाला छावनी के कबाड़ी बाजार में वितरण क्षेत्र सुधार योजना के तहत अम्बाला छावनी में बिजली वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के कार्य की शुरूआत करने के उपरांत आपार जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि सारे शहर का बिजली का ढांचा सुधरने वाला है, ताकि लोग काम धंधे करे व व्यापार तरक्की करे। यह काम आगामी एक वर्ष तक पूरा हो जाएगा।

### सात नए फीडरों का निर्माण होगा

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि 38 करोड़ रुपए की लागत से सात नए फीडरों का निर्माण किया जाएगा जिससे लोड का संतुलन बेहतर होगा और स्थिर वोलटेज मिलेगी। इसी प्रकार 127 नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे जिससे वोल्टेज समस्या नहीं होगी। कई पुराने ट्रांसफार्मर जो सडक़ों या रास्तों पर लगे है वह भी शिफ्ट किए जाएंगे। इसी प्रकार 617 किलोमीटर एसीएसआर कंडक्टर, 454 किलोमीटर एलटी एक्सएलपीई केबल बदली जाएगी जोकि आधुनिक इन्सूलेटिड तार से बदली जाएगी तथा 28 किलोमीटर एचडी एक्सएलपीई केबल बिछाई जाएगी, जिससे फॉल्ट की घटनाओं में कमी आएगी और बिजली आपूर्ति अधिक सुरक्षित व विश्वसनीय बनेगी। इसके साथ ही, नेटवर्क को और अधिक मजबूत करने के लिए 6131 नए पीसीसी पोल स्थापित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में बिजली ढांचे को नई मजबूती मिलेगी।



अंबाला। कार्यक्रम में मंत्री अनिल विज को सम्मानित करते हुए स्थानीय लोग।

### एक्सईएन कार्यालय परिसर में बनेंगे स्टाफ क्वार्टर

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि हमने अम्बाला छावनी में एक्सईएन कार्यालय का भी नया दफ्तार बनाया है। जहां एक ही छत के नीचे एसडीओ नंबर वन व टू भी काम कर रहे हैं। इसी परिसर में स्टाफ क्वार्टर बनाने को भी कहा है। उन्होंने कहा हम शाहपुर-मच्छौंडा के पास भी नया सब स्टेशन लगाने जा रहे हैं जिससे रेलवे लाइन पार रहने वाले लोगों को फायदा होगा। इसी प्रकार एक नया सर्विस सेंटर उन्होंने गांव गरनाला में बनाकर दिया। पंजोखरा साहिब से लेकर बलदेव नगर तक जो गांव थे इन्हें पहले अम्बाला शहर जाना पड़ता था, मगर उन्होंने इन सभी गांवों को अम्बाला छावनी सब स्टेशन से जोड़ा। इसी प्रकार हम इंडस्ट्रियल एरिया में भी नया सर्विस सेंटर बनाने जा रहे हैं।

### सौलर पैनल लगाने पर पूरा जोर

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि आजकल सौर ऊर्जा पर पूरा जोर दिया जा रहा है और उसपर सबसिडी भी दी जा रही है। प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना के तहत बीपीएल कार्ड धारक को दो मैगावाट तक 1.10 लाख रुपए सब्सिडी प्रदान की जा रही है। उन्होंने इस कार्य के लिए प्रदेश में दो टास्क टीमें बनाई है जो लोगों को इस योजना के लिए प्रेरित कर रही है। उनका लक्ष्य है कि हर बीपीएल परिवार को सौर ऊर्जा का लाभ मिले। एक दिन सभी को सौर ऊर्जा पर आना होगा जोकि ग्रीन एनर्जी की तरफ हमारे बढ़ते कदम हैं।

### प्रदेश में गर्मी के पीक सीजन में हमने निर्बाध बिजली आपूर्ति की

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि बिजली घर तक निर्बाध पहुंचे उसके दो पहलु है जिनमें एक बिजली का उत्पादन और दूसरा बिजली को सब-स्टेशन, ट्रांसफार्मरों व तारों के जरिए घर तक पहुंचाना। दोनों सेक्टरों का दुरुस्त होना बहुत आवश्यक है, हम अपने प्रदेश में लगभग तीन हजार मैगावाट बिजली पैदा कर रहे हैं। पानीपत, खेदड़ व यमुनानगर में थर्मल प्लांट है। यमुनानगर में 800 मैगावाट के प्लांट का उद्घाटन अभी पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा शुभारंभ किया है। खेदड़ में भी 800 मैगावाट का थर्मल प्लांट और लगाने जा रहे हैं। पानीपत में भी प्लांट लगाने की केंद्र सरकार से मंजूरी मांगी गई है। हरियाणा गर्मियों में पीक सीजन के दौरान 16 हजार मैगावाट बिजली की जरूरत होती है, तीन हजार मैगावाट हम उत्पादन करते है बाकि अन्य राज्यों से लेकर मांग पूरी की जाती है। इस बार गर्मियों में निर्बाध बिजली आपूर्ति हुई क्योंकि उन्होंने ऊर्जा विभाग संभालते ही समस्याओं को जल्द करने के दिशा-निर्देश दिए थे। उन्होंने अभी सभी एसई से कहा था कि यदि एक घंटे से ज्यादा बिजली बंद होती है तो उसकी रिपोर्ट उनकी टेबल पर आनी चाहिए ताकि वह कारण पता चल सके। वह बिजली निगम के सभी अधिकारियों को साधुवाद देना चाहते हैं कि अधिकारियों ने बेहतर कार्य करते हुए गर्मियों के पीक सीजन में निर्बाध विद्युत आपूर्ति जनता तक पहुंचाई। छह एसई ऐसे थे जिनके पास चार घंटे से ज्यादा बिजली खराब रही जिन्हें कारण बताओं नोटिस दिए गए हैं। वह प्रदेश में बिजली का ढांचा ठीक करना चाहते हैं ताकि लोगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिले।

### पीएम सूर्य घर योजना का अधिक से अधिक परिवार लाभ उठाएं

इसी प्रकार गांव में भी हमने सौर ऊर्जा संचालित ट्यूबवेल लगाने के लिए प्रेरित किया है। इससे किसान खुश है। पहले वह सारी रात जागकर ट्यूबवेल लगाने को मजबूर होते थे, मगर अब वह दिन में ही ट्यूबवेल से अपने खेतों में पानी दे रहे हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह अधिक से अधिक संख्या में सौर ऊर्जा का लाभ उठाते हुए सौलर पैनल लगवाएं। सौलर बिजली योजना को कुछ लोग मुफ्त बिजलीघर योजना भी कहते हैं। इसके लिए उत्तर व दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम को सौ-सौ करोड़ का रुपए का रिवाल्विंग फंड भी दिया है। उपभोक्ता के लिए हमने व्यवस्था की है कि सौलर पैनल लगाने के लिए पैसे नहीं है उसे पैसे हम देंगे, सूर्य घर योजना के तहत जितने पैसे लगेंगे वह हम देंगे और जो सब्सिडी आएगी वह हम बकाया किश्तों में लेंगे। बड़े स्तर पर लोग आजकल अपने घरों में सौर ऊर्जा लगा रहे हैं और इसके बड़े बैंक बन रहे है जो बिजली बनाकर हमें देंगे। राजस्थान से भी प्रदेश में बिजली की सप्लाई आ रही है। गांव में यदि हर आदमी नहीं लगा सकता तो सारे गांव का आवश्यकता अनुसार एक सौलर हाउस लगा सकते हैं। इसके लिए ग्राम पंचायतों ने जमीने भी ऑफर की है। हम हरियाणा को बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बनाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता संजीव सोनी, नप अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, जसबीर सिंह जस्सी, सुरेंद्र बिंद्रा, राजीव गुप्ता, विजेंद्र चौहान, विपिन खन्ना, बलकेश वत्स, बीएस बिंद्रा, आरती सहगल, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, आशीष अग्रवाल, भरत कोछड़, अजय बवेजा, अनिल धीर, लक्की सहगल, अनूप चोपड़ा, रणधीर सिंह, डा. शशि लोंगिया, संजीव अत्री, बलित नागपाल, अनिल नागर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**बराड़ा।** पुलिस अधीक्षक अंबाला अजीत सिंह शेखावत के निर्देशानुसार जिला अंबाला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान के तहत आमजन को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों, महिला सुरक्षा, महिलाओं के अधिकारों, साइबर अपराध से बचाव एवं यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में आज एनडीपीएस टीम द्वारा थाना साहा क्षेत्र के गांव डुबली में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### विदेश भेजने की धोखाधड़ी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज विदेश भेजने की धोखाधड़ी के मामले में प्रबन्धक थाना नग्गल व पुलिस दल ने कार्यवाही करते हुए आरोपी बलजीत सिंह निवासी गाँव गोबिन्दगढ़ जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार 02 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता जोगिन्द्र सिंह निवासी जनसुई जिला अम्बाला ने 03 सितम्बर 2025 को थाना नग्गल में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 18 अक्तूबर 2024 से 11 जून 2025 के दौरान आरोपी बलजीत सिंह ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधडी करने का आपराधिक कार्य किया है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी अर्जुन उर्फ बच्ची निवासी डेहा बस्ती वीटा मिल्क प्लांट नारायणगढ़ जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता सुभाष चन्द निवासी मेन बाजार नारायणगढ़ जिला अम्बाला ने 21 दिसम्बर 2025 को थाना नारायणगढ़ में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 21 दिसम्बर 2025 को अज्ञात आरोपी ने उसकी दुकान से मनियारी का सामान चोरी किया है।

### जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना सैक्टर-9 अम्बाला शहर में दर्ज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी जसविन्द्र सिंह उर्फ बोबी निवासी सुरेन्द्र कालोनी दुर्गानगर अम्बाला शहर जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### डकैती करने वाले गिरोह का एक अन्य आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अम्बाला शहर में दर्ज हथियार के बल पर डर दिखाकर डकैती करने के मामले में सीआईए-1 के निरीक्षक हरजिन्द्र सिंह व पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए मामले में संलिप्त अन्य आरोपी जीती उर्फ संजू निवासी झुग्गी-झोपडी मौहल्ला मुरापुरा जिला तरनतारन पंजाब को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार 04 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया।

## वार्ड 4 व 15 के निवासी झेल रहे गंदगी व अंधेरे का दंश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

बराड़ा में सबका साथ सबका विकास के दावे वार्ड नंबर 4 और 15 में खोखले साबित हो रहे है। इन वार्डों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही की कहानी बयां कर रहा है। नालियां गंदगी से भरी पड़ी हैं, सड़कें जर्जर हालत में हैं और शाम ढलते ही गलियां अंधेरे में डूब जाती हैं। डोर-टू-डोर कचरा संग्रह व्यवस्था भी नाम मात्र की रह गई है, जो महीने में एक-दो बार ही दिखाई देती है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि उनके वार्डों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनके वार्ड में न तो नालियों की सफाई होती है और न ही कूड़ा उठाने में नपा दिलचस्पी दिखाती है।

वार्डवासियों रजत, नरेश, मुकदी, परवीन, पवन, मनविंदर सिंह, साहिल शर्मा, अक्षय धीमान, जसबीर सिंह, हैप्पी सिंह, सुरजीत सिंह, बादल, मिंटू, कल्लू, जसविंदर सिंह, रोहित, और गगन ने बताया कि उनके वार्ड में लंबे समय से स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी है। सफाई न होने के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। वार्ड में बुजुर्गों के लिए बैठने की व्यवस्था तक नहीं है। लोगों का कहना है कि जहां दूसरे वार्डो में नियमित सफाई और मरम्मत कार्य हो रहे हैं, वहीं उनके वार्डों की शिकायतें फाइलों में दबी पड़ी हैं। कई बार लिखित शिकायत देने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई।



बराड़ा। वार्ड में फैली गंदगी का दृश्य।

### क्या कहते है अधिकारी

किसी भी वार्ड के साथ भेदभाव नहीं किया जा रहा है। प्रत्येक वार्ड पार्षद को एक-एक सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराया गया है। वर्तमान में नगरपालिका के पास ठेकेदार के 31 तथा दैनिक वेतन पर 5 सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं, यदि फिर भी कहीं समस्या है तो टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं, जिसका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।:- मोहित सैनी, नपा सचिव बराड़ा।

## मानव सेवा ही प्रभु यीशु मसीह का असली संदेश

- क्रिसमस के अवसर पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने सीएनआई चर्च में आयोजित समारोह में शामिल होकर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने क्रिसमस पर्व की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने अनेकों उपदेशों के माध्यम से हमें दुखियों, जरूरतमंद तथा कठिनाईयों में रहने वाले लोगों की दिल से सेवा करने का संदेश दिया है। विज आज क्रिसमस के पावन अवसर पर अम्बाला छावनी के सदर बाजार स्थित सीएनआई चर्च में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि यीशु मसीह का जन्मदिन सारे विश्व में धूमधाम तथा हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यीशु मसीह ने अनेकों उपदेशों के माध्यम से इस धरती पर सुख, शांति, अमन चौन रहे इसके लिए उपदेश दिए। प्रभु ने यह भी कहा कि जितना प्यार हम स्वयं से करते हैं उतना प्यार हमें अपने पड़ोसी यानि सारी मानव जाति से करें यह संदेश सर्व मानव जाति के लिए हैं।



अंबाला। कार्यक्रम में पहुंचने पर मंत्री अनिल विज का स्वागत करते हुए।

### यीशु संदेश प्रेरणा

अनिल विज ने कहा कि आज वह देखते हैं कि समाज द्वारा अनेक प्रकल्प सेवा के चलाए जा रहे हैं जो प्रभु यीशु मसीह का दिया हुआ संदेश है। प्रभु यीशु मसीह उस वक्त जो बोलते थे, जो कहते थे उससे उनकी लोकप्रियता बहुत ज्यादा बढ़ गई थी। दुनिया उनके पीछे-पीछे चलती थी परन्तु उस समय के जो शासक थे उनको यह बर्दाशत नहीं था और उन्होने यीशु मसीह को क्रॉस पर चढ़ा दिया। मगर, कहते हैं कि तीन दिन बाद उनका पूर्नजन्म हुआ और उस दिन को सारी दुनिया मनाती है। उन्होंने बहुत संदेश दुनिया को उन्होंने दिए है और उनकी वजह से दुनिया में अच्छाई का बोलबाला है वह उनके संदेशों की वजह से है। मंत्री अनिल विज ने इस अवसर पर उपस्थित सभी को क्रिसमस पर बधाई दी।

## गांधी मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में हर्षोल्लास से मनाया क्रिसमस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांधी मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में क्रिसमस बड़े हर्षोल्लास, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज परिसर में किया गया, जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों के बीच प्रेम, शांति, भाईचारे और सौहार्द का संदेश देना रहा। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रामलखन माली ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं धार्मिक पर्व विद्यार्थियों में एकता, सद्भावना और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं।

### करवाई प्रतियोगिताएं

प्राचार्य ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए भी प्रेरित किया। क्रिसमस समारोह के तहत विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें क्रिसमस ट्री सजावट प्रतियोगिता तथा केक बेकिंग प्रतियोगिता शामिल रहीं। बीएससी नर्सिंग एवं जीएनएम पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने दोनों प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्रिसमस ट्री सजावट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने लाइट्स, सजावटी सामग्री, सितारों एवं पर्यावरण-अनुकूल वस्तुओं का उपयोग कर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें निर्णायकों ने खूब सराहा।

## भारत का सामान, भारत का सम्मान

- आत्मनिर्भरता व स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग दर्शाता राष्ट्रीय गौरव की भावना : डॉ रोहित दत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थियों ने पंचकूला के सेक्टर-5 में आयोजित स्वदेशी महोत्सव 2025 में उत्साहपूर्वक भाग लेकर शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया। यह भ्रमण कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के कुशल मार्गदर्शन में एनएसएस यूनिट एवं रसायन विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को स्वदेशी भारत, आत्मनिर्भर भारत अभियान, देसी उत्पादों, लघु एवं कुटीर उद्योगों तथा नवाचार आधारित योजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। इस संवादात्मक प्रक्रिया से विद्यार्थियों में स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा राष्ट्रीय आर्थिक विकास में उनके योगदान की समझ विकसित हुई। इस शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों को कक्षा की सीमाओं से बाहर व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं। स्वदेशी महोत्सव जैसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मनिर्भर भारत की भावना को सुदृढ़ करते हैं तथा उन्हें नवाचार, उद्यमिता और राष्ट्रीय विकास से जोड़ते हैं। कॉलेज भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करता रहेगा। यह शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण कॉलेज के एनएसएस यूनिट अधिकारी डॉ. चन्द्रपाल पूनिया तथा रसायन विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. नेहा अग्रवाल की देखरेख में आयोजित किया गया।




अंबाला। स्वदेशी महोत्सव में भाग लेते हुए कॉलेज के स्टूडेंटस।




बराड़ा। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम

**बराड़ा।** गांव होली के अड्डे पर स्थित महाराजा सूरजमल जाट चौक पर आज वीरवार को श्री गुरु गोविंद सिंह जी एवं महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने एकत्र होकर देश और समाज के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाली महान विभूतियों को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता सतबीर देशवाल ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में आपसी भाईचारे और एकता की भावना को मजबूत करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज में फैल रही कुरीतियों के विरुद्ध सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिए, तभी एक सशक्त और समरस समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर ग्राम होली के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से डिप्टी होली शीशपाल होली, अनुज देशवाल, अनूप देशवाल, विक्रांत देशवाल, साहिल देशवाल, रितेश देशवाल, रिंकू देशवाल, जगमाल सिंह देशवाल एवं रवि देशवाल सहित अन्य ग्रामवासी शामिल थे।



मुलाना। नगर कीर्तन निकालने को जाते हुए स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### मैवेरिक्स स्कूल में शहीदी दिवस मनाया गया

**मुलाना।** मैवेरिक्स इंटरनेशनल स्कूल में शहीदी दिवस अत्यंत श्रद्धा, अनुशासन एवं धार्मिक भावना के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन रमेश चौहान एवं प्रधानाचार्या डॉ. सुमन पाहवा, विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ ने मिलकर शहीदों के अद्वितीय बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर विद्यालय से निकलकर एक धार्मिक एवं अनुशासित नगर कीर्तन का आयोजन किया गया, जो मुलाना के बाज़ार से होते हुए गुरुद्वारा साहिब तक पहुँचा। नगर कीर्तन के दौरान विद्यार्थियों द्वारा "जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल" के गगनभेदी जयकारे लगाए गए तथा शब्द कीर्तन का मधुर उच्चारण किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति एवं श्रद्धा से ओत-प्रोत हो गया। गुरुद्वारा साहिब पहुँचकर सभी ने मत्था टेका, आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रसाद का भोग लगाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में सहभागिता कर सभी का मन मोह लिया और शहीदों के साहस, त्याग एवं बलिदान की भावना को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

## जिला स्तरीय कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

# सुशासन दिवस पर प्रशासनिक पारदर्शिता व जनसेवा पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सुशासन दिवस के अवसर पर पंचायत भवन अंबाला शहर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा ने शिरकत की। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय सिंह तोमर, जिला प्रधान मनदीप राणा, पूर्व विधायक डा. पवन सैनी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र व महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन का अर्थ है आमजन को पारदर्शी, जवाबदेह एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध करवाना। उन्होंने कहा कि प्रशासन की कार्यशैली में संवेदनशीलता, ईमानदारी और जिम्मेदारी का होना अत्यंत आवश्यक है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी निष्ठा से कार्य करें।



अंबाला। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष मनदीप राणा।

### इन्हें किया गया सम्मानित

इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों को सम्मानित किया गया जिनमें जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, मनोज कुमार पीआरटी, जीपीएस डेलू माजरा ब्लॉक अम्बाला वन, डा. शिवा अग्रवाल पीजीटी फाईन आर्टस डाईट मोहड़ा अम्बाला तथा योगेश गोस्वामी जीएचएस भुडंगपुर ब्लॉक अम्बाला वन को निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत सम्मानित किया गया। पराली प्रबंधन के लिए एवं हरित खेत नीला गगन अभियान में सराहनीय कार्य पर डा. जसविन्द्र सिंह उप निदेशक कृषि विभाग, इंजिनियर सुभाष चंद्र सहायक एग्रीकल्चर इंजिनियर डा. राजेश अग्रवाल सब्जैक्ट मैटर स्पेशलिस्ट (टी एंड आई) अम्बाला तथा इंजिनियर कर्ण सिंह एग्रीकल्चर डिवलपमैंट ऑफिसर अम्बाला (एफआई), भूमिगत जल स्तर में सुधार में सराहनीय कार्य पर दलवीर सिंह सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी नारायणगढ़ को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार हैल्थ विभाग (एचसीएमएस-1) से डा. यशपाल वर्मा सीनियर मैडिकल ऑफिसर कम ऑफिसिएटिंग डायरैक्टर अटल कैंसर सैंटर अम्बाला कैंट को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं आयुष्मान भारत योजना, पैंशन स्कीम तथा कैंसर मरीजो को फ्री/कॉन्सयुलेशन ट्रैवल फैसिलिटी उपलब्ध करवाने पर तथा नगर परिषद अम्बाला सदर के ईओ देवेन्द्र कुमार, हरीश शर्मा एमई, जयदीप राणा जेई तथा रीतु शर्मा एसबीएम कोर्डिनेटर को सराहनीय कार्यों के लिए जैसे स्वच्छ भारत अभियान के प्लास्टिक प्रबंधन, गोबर प्रबंधन पर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर उपायुक्त अम्बाला अजय सिंह तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, पूर्व विधायक डा. पवन सैनी, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, एसडीएम दर्शन कुमार, कृषि विभाग के उप निदेशक डा. जसविन्द्र सैनी, आरटीए सचिव सुशील कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, सिविल सर्जन डा. राकेश सहल, डा. यशपाल वर्मा, तहसीलदार आदित्य रंगा, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनीषा गागट, सीडीपीओ सुमन दहिया के साथ-साथ प्रशासन के अन्य अधिकारीगण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।